Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ जिला भरतपुर के तहसील कार्यालय में पदस्थापित श्री मुकेश कुमार पटवारी, पटवार हल्का पीपला–1, पुलिस थाना चिकसान 8,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 05 जून, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री मुकेश कुमार पटवारी, पटवार हल्का पीपला–1, पुलिस थाना चिकसान जिला भरतपुर को 8,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के परिजनों की गांव पीपला में स्थित जमीन का सीमा ज्ञान कराने के लिए तहसीलदार से टीम गठित करवाकर सीमा ज्ञान कराने की एवज में आरोपी 10,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा रहा है और दौराने सत्यापन दिनांक 03.06.2025 को परिवादी के निवेदन करने पर 8,000 रूपये लेने पर सहमत हुआ है।

जिस पर एसीबी रेंज भरपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री मुकेश कुमार पटवारी, पटवार हल्का पीपला–1, पुलिस थाना चिकसान जिला भरतपुर को 8,000/– रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।